

मुम्बई मेल में पैर रखने की जगह नहीं



गाड़ी में चढ़ने का प्रयास करते यात्री

परेशानी ▶ मुंबई मेल सहित अन्य ट्रेनों में वेटिंग सौ के पार

# त्यौहारों के चलते ट्रेनें हुईं फुल, यात्री परेशान



ये हैं जनरल डिब्बे का हाल



अवैध वैंडरों द्वारा बेजी जा रही खाद्य सामग्री

**जबलपुर, नवभारत।** चैत्र नवरात्र, चेटीचंड और मीठी ईद जैसे बड़े त्योहारों के कारण ट्रेनों में भारी भीड़ बढ़ गई है, जिससे स्लीपर और जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं है। इसे देखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का भी फैसला किया है।

जबलपुर से होकर गुजरने वाली पैसेंजर सहित लंबी दूरी की गाड़ियों में बुधवार से ही भीड़ बढ़ थी। वही यात्री कन्फर्म टिकट न मिलने से परेशान हैं और अतिरिक्त कोचों की मांग कर रहे हैं।

### सौ के ऊपर वेटिंग

ईद और नवरात्रि पर्व को लेकर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ चरम पर है। गुरुवार को मुंबई मेल, संघमित्रा, पवन और जनता एक्सप्रेस में हालात यह थे कि इनमें पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। बता दे कि दिल्ली, यूपी, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जाने वाली ज्यादातर ट्रेनों में नो सीट की स्थिति बन गई है, जहां मुंबई मेल में 20 से 24 तारीख तक 120 के ऊपर वेटिंग बनी हुई है वही संघमित्रा और पवन एक्सप्रेस में भी बर्थ उपलब्ध नहीं है। वही एसी कोचों में लंबी वेटिंग चल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी अपने काम से आए और अगले दिन वापसी करने वाले यात्रियों को हो रही है। रिटर्न टिकट नहीं मिलने से लोग तत्काल और प्रीमियम कोटे का सहारा लेने को मजबूर हैं।

### अवैध वेंडर्स मस्त

त्योहारों के कारण ट्रेनों में बढ़ी भीड़ का फायदा जबलपुर सहित आसपास के छोटे स्टेशनों पर अवैध वेंडरो द्वारा खूब उठाया जा रहा हैं। अवैध वेंडरो द्वारा मन माने रेट पर खाद्य सामग्री जनरल और स्लीपर क्लास के यात्रियों को बेधड़क बेची जा रही है।

# खसखस की जगह मिला रहे थे राजगिरा और सूजी

▶ गरम मसाले में मिलावट की आशंका, 80 किलो माल जब्त



**नवभारत, जबलपुर।** जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई तेज हो गई है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को काइम ब्रांच की सूचना पर मुकादमगंज स्थित शारदा गृह उद्योग का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि जांच के दौरान पैक किए जा रहे खड़े गरम मसाले में खसखस की जगह अन्य दानों, संभवत: राजगिरा और सूजी, की मिलावट पाई गई। इसके अलावा मसाले में संदिग्ध तेजपत्ता, चकफूल और दालचीनी के उपयोग की भी आशंका जताई गई है। मौके से गरम मसाले के नमूने एकत्र कर लिए गए और लगभग 80 किलोग्राम सामग्री जब्त की गई।

**नमूने जांच के लिए भेजे भोपाल**–अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के खिलाफ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ काइम ब्रांच के पुलिस उप-निरीक्षक संतोष पाण्डेय और हेड कांस्टेबल आनंद तिवारी भी मौजूद रहे।

## तीन बीज विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**नवभारत, जबलपुर।** अमानक बीजों का विक्रय करने पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने तीन बीज विक्रेताओं के बीज विक्रय लायसेंस निलंबित कर दिये हैं। इन विक्रेताओं में मेसर्स रंजीत इंटरप्राईजेज जबलपुर, जानकी रमण एग्रो बेलखेडा शहपुरा एवं साहू कृषि केन्द्र पौडी कलां सिहोरा शामिल हैं। इन तीनों बीज विक्रेताओं से बीज निरीक्षकों द्वारा बीज के नमूने लिये जाकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये थे। परीक्षण में नमूने अमानक स्तर के पाये जाने पर इन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया था। जबाव संतोषप्रद न होने के कारण बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधानों के तहत तीनों के बीज विक्रय लायसेंस निलंबित किये गये हैं।

# अवकाश में भी खुला रहा महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय

▶ लगभग 684 बैग पौष्टिक आहार पहुंचा शहर

**नवभारत, जबलपुर।** गुरुवार को सामान्य अवकाश होने के बावजूद महिला बाल विकास परियोजना क्रमांक 3 का कार्यालय खुला रहा। जानकारी के अनुसार कार्यालय में पहुंची टीएचआर सामग्री को सुरक्षित रखवाने के लिए कार्यालय अवकाश के दिन भी खोलना पड़ा। उल्लेखनीय है कि टीएचआर (टेक होम राशन) जिसे पूरक पोषाहार भी कहते हैं। यह आंगनवाड़ी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 6 महीने से 3 साल तक के बच्चों को दिया जाने वाला पौष्टिक आहार है। परियोजना अधिकारी विकेश राय ने बताया कि गुरुवार को लगभग 684 बैग टीएचआर ट्रक के माध्यम से कार्यालय में पहुंचा।सामग्री को फिलहाल अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है।

# जिला न्यायालय के बमबाजी कांड में पांच गिरफ्तार

▶ एक पर लगा रासुका

**जबलपुर।** जिला न्यायालय में सुतली बम फोड़कर न्यायालयीन कार्य में बाधा डालने वाले आरोपियों को ओमती पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही एक बदमाश पर रासुका की भी कार्रवाई कर दी गई है।

विदित हो कि 16 मार्च को उमेश कुमार सौंधिया 42 वर्ष द्वारा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर मध्य प्रदेश कार्यालय का एक लिखित प्रतिवेदन ओमती थाने में प्रस्तुत किया गया था। जिसमें बताया गया था कि न्यायालयीन कार्य के दौरान दोपहर 3-45 बजे से 4 बजे के बीच जिला न्यायालय परिसर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तेज ध्वनि का फटाका फोडकर न्यायालय में बाधा डाली गई है। पुलिस ने अज्ञात



आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर आरोपी अनूप श्रीपाल पिता रघुनाथ 18 वर्ष निवासी शिव शक्ति नगर चुंगी नाका माढोताल, अनुज राजपूत पिता सुरेश 20 वर्ष निवासी मदर टेरेसा, तनमय पिता अमित राजपूत 19 वर्ष निवासी शंकर नगर, परोक्ष उर्फ दक्ष पिता राकेश राजपूत 18 वर्ष निवासी विजय नगर को अभिरक्षा में लिया गया। जिन्होंने पूछताछ करने पर अपने साथी कृष्णा ठाकुर के साथ अन्य आरोपी पंकज राजपूत एवं मनीष अहिरवार के साथ मिलकर जिला न्यायालय में तेज आवाज का फटाखा फोड़कर न्यायालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न करना स्वीकार किये प्रकरण में चारों आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी की गई 4 आरोपियो को न्यायालय में पेश कर केंद्रीय जेल दाखिल किया गया।

**पंकज पर 11 अपराध दर्ज**– उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी पंकज राजपूत अपराधी प्रवृत्ति का युवक है जिसके खिलाफ पूर्व से 11 अपराध, अपहरण, अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स एक्ट एवं आबकारी एक्ट के दर्ज है जो आदतों में सुधार न लाकर लगातार अपराध घटित किये जा रहा है, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा आरोपी पंकज राजपूत के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का आदेश दिया।

## टिकट चैकिंग से 118 करोड़ 83 लाख का राजस्व प्राप्त

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक कुल 17 लाख 35 हजार मामले पकड़े। इन मामलों में बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज तथा अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। इनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 118 करोड़ 83 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए 102 करोड़ 48 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 15.95 प्रतिशत अधिक है।

# 6 साल से शादी का झांसा देकर लूटता रहा आबरू

▶ धोखेबाज प्रेमी पर एफआईआर, एसपी ऑफिस में पीड़िता ने किया था आत्मदाह का प्रयास

**जबलपुर।** रायसेन के धोखेबाज प्रेमी के खिलाफ बेलबाग पुलिस ने गुरूवार को दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। बुधवार को पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बेलबाग थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला निवासी युवती (26) को रायसेन निवासी सौरभ जाटव 25 वर्षीय ने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोपित पीड़िता का रिश्तेदार है। जिसके चलते वे पीड़िता के घर आता था। सौरभ शादी का झांसा देकर करीब 6 साल से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस बीच युवती को पता चला कि युवक दूसरी युवती से शादी करने की तैयारी कर रहा है। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और शादी के लिए दबाव बनाया, तो वह अपने वादे से मुकर गया और उसे छोड़ दूर बना ली थी। पीड़िता इंसाफ के लिए दर-दर भटक रही थी। करीब 7 दिन पहले वह अपनी शिकायत लेकर बेलबाग थाने भी पहुंची थी और पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया था। पीड़िता का आरोप रहा कि पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर बुधवार को वे उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला किया था और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई थी जहां उसने स्वयं पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की थी। गनीमत रही कि वहां मौजूद पुलिस स्टॉफ ने उसे पकड़ लिया इसके बाद सुरक्षित हिरासत में लेकर बेलबाग थाने भेजा गया था। वहीं बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर का कहना है कि पीड़िता ने आपबीती पुलिस को सुनाई थी पुलिस ने कार्रवाई करने के लिए बोला था लेकिन युवती मामले में एफआईआर नहीं चाहती थी। सिर्फ युवक से शादी करना चाहती थी। पीड़िता की काउंसलिंग कराई गई। पीड़ित गुरूवार को थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराने तैयार हुई। जिसके बाद पीड़िता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### स्कूल के पीछे किशोरी से रेप, गर्भवती होने पर खुला राज

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत पिपरिया कला निवासी एक किशोरी को प्रेम जाल में फंसाने के बाद युवक उसकी अस्मत लूटता रहा। जब पीड़िता गर्भवती हुई तो परिजनो को पता चला और उनके पैरे तले जमीन खिसक गई जिसके बाद मामला थाने की चौखट तक पहुंचा। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। बेलखेड़ा पुलिस के मुताबिक पिपरिया कला बेलखेड़ा निवासी 17 वर्षीय किशोरी गांव में स्थित शासकीय स्कूल में अध्यनरत है और 11 वीं कक्षा की छात्रा है। गांव में रहने वाला आदिल पिता शेख रमजान 23 वर्ष भी डेढ़ साल पहले इसी स्कूल में पढ़ता था। जिसके चलते दोनों के बीच में दोस्ती हो गई थी। इसके बाद आदिल ने उसे प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर स्कूल पीछे एक मकान में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया इसके बाद लगातार शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच किशोरी गर्भवती हो गई तो परिजनों को पता चला जिसके बाद पीड़िता ने आपबीती परिजनों को सुनाई। इसके बाद मामला थाने पहुंचा।

## एलटीटी-दानापुर के मध्य प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01143/44 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर-लोकमान्य तिलक स्पेशल ट्रेन पमरे से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 01143 एलटीटी से दानापुर स्पेशल ट्रेन यात्रा मांग पर 1 से 14 अप्रैल तक समर के अवसर पर 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रतिदिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10.30 बजे प्रस्थान कर इटारसी रात 21.10 बजे, पहुँचकर अगले दिन जबलपुर 02.25 बजे कटनी 4 बजे, सतना 7.10 बजे पहुँचकर मार्ग से होते 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

# उड़नदस्ता आरटीओ की तत्परता से बची घायल चालक की जान

▶ नागपुर हाईवे पर मारपीट में घायल ड्राइवर को समय पर अस्पताल पहुंचाया, पुलिस जांच शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर के नेशनल हाईवे नागपुर रोड स्थित तिंसी फाटक ओवरब्रिज के पास एक चालक के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना मिलते ही सम्भागीय परिवहन उड़नदस्ता आरटीओ टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। परिवहन आरक्षक इम्तियाज हुसैन ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस और 112 सेवा को बुलाया, जिसके माध्यम से घायल चालक को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसकी जान बच सकी।

घटना की सूचना संबंधित थाना को देकर वाहन को बरगी थाने में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर प्रभारी राजेंद्र साहू, परिवहन उप निरीक्षक अक्षय पटेल, आरक्षक इम्तियाज हुसैन, घनश्याम रजक सहित पूरी टीम मौजूद रही।

# पनागर बीईओ कार्यालय में 1 .11 करोड़ का घोटाला





▶ सरकारी खजाने में लगाई सेंध, 6 अफसरों समेत 14 पर एफआईआर

**जबलपुर।** पनागर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में पदस्थ अफसरों ने घोटाला करते हुए सरकारी खजाने में सोंध लगाते हुए 1,11,45,914 रुपये की सेंध लगाते हुए गबन किया। पनागर पुलिस ने मामले में 6 अफसरों समेत आठ के खिलाफ षड्यंत्र और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुश्री सोनम कटारे (29) निवासी अमखेरा रोड ड्रीम सिटी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पनागर के पद पर पदस्थ है। कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पनागर जिला जबलपुर में सत्र 2018-2019 से 2024-2025 तक हुए कपटपूर्ण भुगतान के सबंध में डाटा विश्लेषण दर्शित होने पर कलेक्टर को जाँच के लिए पत्र लिखा गया था। मामले में जांच के लिए कार्यालय सम्भागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा जबलपुर संभाग जबलपुर के द्वारा 9 सदस्यीय अधिकारियों की टीम का गठन किया गया था। जिसमें भारी गड़बड़ी, हेराफेरी सामने आई थी। जांच रिपोर्ट को 6 मार्च 2026 को रोहित सिंह कौशल अपर संचालक कोष एवं लेखा जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा सौंपी गई थी।

**मॉड्यूल सॉफ्टवेयर में हुई डिजिटल हेराफेरी**–जांच में पाया गया कि आरोपियों ने कोषालय के मॉड्यूल सॉफ्टवेयर में डिजिटल हेरफेर की गई। सरकारी सिस्टम में फर्जी वेंडर बनाए गए और बैंक खातों के विवरण बदलकर रिटायर कर्मचारियों के हक का पैसा अपने और अपने रिश्तेदारों के निजी खातों में ट्रांसफर कर लिया।

**करीबियों के खातों में पहुंचाई सरकारी राशि** –पुलिस ने श्रीमती शैलबाला डोगरे (पूर्व बीईओ, पनागर), त्रयंबक गणेश खरे (सेवानिवृत्त पूर्व बीईओ), विजय कुमार भलावी (सहायक ग्रेड-1), नरेन्द्र कुमार तिवारी (सेवानिवृत्त लेखापाल), गणेश प्रसाद शुक्ला (सेवानिवृत्त उच्च श्रेणी शिक्षक), अनिल कुमार गोड (सहायक ग्रेड-2) पर प्रकरण दर्ज किया गया है। घोटाले की राशि को खपाने के लिए सहायक ग्रेड-1 विजय कुमार भलावी ने अपने पूरे परिवार को शामिल किया। पुलिस ने पत्नी श्रीमती जयंती भलावी , बेटियों माधुरी, रानू और रागनी भलावी को भी आरोपी बनाया है। इसके अलावा पूर्व अतिथि शिक्षक सुचित्रा पटेल, समीर कोष्ठी, माला कोष्ठा और अंकुश नेमा के बैंक खातों में भी गबन की राशि भेजी गई।

अभियान ▶ मां नर्मदा के तटों से हुई गंगा जल संवर्धन सफाई अभियान की शुरुआत

# नदियों को सहेजने के संकल्प को दी जा रही नई ऊर्जा

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश शासन के 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत संस्कारधानी जबलपुर में जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार और स्वच्छता का एक नया अध्याय नगर निगम द्वारा 19 मार्च से शुरू किया गया। माँ नर्मदा के पावन तटों से शुरू हुए इस अभियान ने शहर की जीवनदायिनी नदियों को सहेजने के संकल्प को एक नई ऊर्जा दी है। अभियान की शुरुआत में गौरीघाट सहित नर्मदा के विभिन्न तटों पर स्वच्छता का अलख जगायी गयी। इस पुनीत कार्य में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, अजय विश्नोई, निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ जितेंद्र जामदार के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अमले ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



इस पवन अवसर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत सी.ई.ओ. अभिषेक गहलोत और अपर कलेक्टर अनुराग सिंह ने स्वयं झाड़ू थामकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया। सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारियों की इस सक्रियता ने संदेश दिया कि जल संरक्षण केवल एक नीति नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है।

### गौर नदी के पास भी चला अभियान

नर्मदा तटों की सफाई के बाद पूरा अमला गौर नदी के संरक्षण के लिए पहुँचा। यहाँ न केवल नदी की सफाई की गई, बल्कि जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित जनों ने एक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नदी की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** बीते दिवस हुए सड़क हादसे में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जानकारी में बताया गया कि मदनमहल में 12 मार्च को हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने इलाज के दौरान गुरूवार को दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक निजी अस्पताल से सूचना मिली कि मुन्नालाल सिंह 61 वर्ष निवासी लार्डगंज पुलिस कालोनी लार्डगंज को सड़क दुर्घटना में घायल होने से भर्ती कराया था जिसकी गुरूवार सुबह लगभग 8-20 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# गैस सिलेण्डर की किल्लत को लेकर युकां ने किया प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** मस्ताना चौक रांझी में गैस सिलेण्डर की किल्लत एवं बढ़े हुए दामों को लेकर युवा कांग्रेस केंट अध्यक्ष एड.सौरभ सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। अध्यक्ष एड.सौरभ सिंह ने बताया कि गैस सिलेंडर समय पर न मिलने से आमजन त्रस्त हो गया है ऊपर से प्रति सिलेंडर 60/- रूपये की वृद्धि एक बार में कर वी गई है।

लोग एजेंसी के चक्कर काट-काटकर परेशान है। इसी को लेकर चौक में सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया गया। जहां देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत विश्वगुरू बनने की राह पर है लेकिन भारत की जनता गैस की लाईन में लगने का मजबूर है। यहां भारत की आत्म निर्भरता में कमी दिखाई दे रही है। प्रदर्शन में राजेश यादव (पूर्व पार्षद), मनोज लोधी, एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा, रविंद्र कुशवाहा, आशु वत्स, सोनू कुकरेले, इंद्रजीत कुशवाहा, महिला नेत्री रीना विश्वकर्मा, देवेन्द्र शर्मा, रमेश बोहित, सुरजीत यादव, प्रियांश कुशवाहा, निर्मल चंद्र जैन, के. के. मिश्रा, जग्गू विश्वकर्मा, टीटू जग्गी, हर्ष रैकवार, गुलशन कुशवाहा, सतीश ठाकुर, सचिन सेन, विनोद राठौर, कमलेश चौधरी, राहुल चौधरी, अनिल सोनकर, मनीष बेन, प्रवीण चौधरी, राजेश गुप्ता, लालू राजभर, संदीप कोल, सुमित यादव, अनुराग विश्वकर्मा, रूपेश यादव, सौरभ पटेल, अमी कुशवाहा, शुभम् कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, बाबू मराठा, बबलू यादव, आशु चौधरी, लकी कोल, रजनीश कुशवाहा, अजय कुशवाहा, सौरभ बेन, लॉयन, सिद्धार्थ सेन, निहाल, अनुराग शुक्ला, प्रियांश दीवान सहित बड़ी संख्या कांग्रेस कार्यकता उपस्थित रहे।